संख्या-10/2021/43/76-4-2021-2/3(51)/2018

प्रेषक,

डा0 अम्बरीष कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

नमामि गंगं एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक: 20 जनवरी, 2021

विषय- चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत अनुदान संख्या-83 के अधीन केन्द्र पुरोनिधानित योजना में संचालित डिग्री डिप्लोमा होल्डर्स का प्रशिक्षण हेतु प्राविधानित धनराशि को अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विशयक आपके पत्र संख्या-1482/ल0सिं0/बजट-3/2020-21, दिनांक 06.01.2021 एवं वित्त (आय-व्यय) अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश षासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24.03.2020 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत अनुदान संख्या-83 के अधीन केन्द्र पुरोनिधानित योजना में संचालित डिग्री डिप्लोमा होल्डर्स का प्रशिक्षण हेतु प्राविधानित धनराशि रू0-9.62 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0-3.07 लाख (रूपया तीन लाख सात हजार मात्र) की सहर्ष स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैः-

(1) आकड़ों की शुद्धता एवं धनराशि की अनुमन्यता की पुष्टि का दायित्व मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग का होगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एकमुश्त न करते हुए अपितु आवश्यकतानुसार चरणों में किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत प्रस्ताव का परीक्षण बजट की उपलब्धता के आधार पर किया गया है। प्रश्नगत धनराशि की स्वीकृति किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और फाइनेंशियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(3) किसी भी दशा में स्वीकृत धनराषि का आहरण कर बैंक/डाकघर में न जमा किया जाय तथा धनराशि का आहरण आवष्यकतानुसार किया जायेगा।

(4) आहरित धनराशि का व्यय/उपयोग वर्तमान वित्तीय वर्श में ही किया जाना सुनिष्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि के नियम संगत आहरण/व्यय, स्वीकृत की गयी धनराशि के विरूद्ध निर्धारित लक्ष्यों के प्राप्त होने तथा निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग का होगा।

(6) आहरित/व्यय धनराशि के सापेक्ष निर्धारित धनराशि की समयान्तर्गत प्रतिपूर्ति सुनिश्चित किये जाने का दायित्व मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग का होगा।

(7) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित किया जायेगा। किसी मद में कोई धनराशि शेष बचती है, तो उसे निर्धारित लेखा शीर्ष में जमा किया जायेगा।

(8) स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय योजनान्तर्गत निर्गत दिशा-निर्देश एवं भारत सरकार द्वारा प्रदत्त व्यवस्था के अन्तर्गत निर्धारित मदों में किया जायेगा।

(9) धनराशि के आहरण एवं व्यय के संबंध में मितव्ययिता संबंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(10) स्वीकृत की जा रही धनराशि के संबंध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24.03.2020 व अन्य संगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- तत्सम्बन्धी व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत सं0-83 के अधीन लेखाशीर्षक 2702-लघु सिंचाई-80-सामान्य-789--अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-01-केन्द्रीय प्रायोजित योजनायें-0101-लघु सिंचाई के अन्तर्गत अभियन्त्रण स्नातक डिप्लोमा होल्डर्स का प्रशिक्षण (के50/रा050-के$रा)-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- यह आदेश वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-2 के अशा0 संख्या-ई-2-48- दस-2021, दिनांक 19.01.2021 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
अनु सचिव।

संख्या-10/2021/43(1)/76-4-2021, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
2. सम्बन्धित कोशाधिकारी।
3. नियोजन अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन।
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उत्तर प्रदेश शासन।
6. निदेशक, सूचना, उत्तर प्रदेश।
7. एन0आई0सी0 की प्रति।
8. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, लघु सिंचाई विभाग।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 अम्बरीष कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।